तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 4 फरवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 अब शादी-विवाह में कैटर्स को भी करानी होगी डेयरी उत्पादों की जांच



## खबर संक्षेप

### विश्व कैंसर दिवस पर निःशुल्क जांच शिविर आज

**अंबिकापुर।** बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शहर के नवापारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन होगा। नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इस शिविर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, मुखगुहा (ओरल) कैंसर व अन्य सामान्य कैंसर की जांच कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता द्वारा की जाएगी। इस दौरान डॉ. गुप्ता कैंसर के सम्भावित मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान करेंगे। इस शिविर में ज्यादा लोगों को शामिल होकर निःशुल्क जांच व परामर्श का लाभ उठाने का आह्वान किया गया है।

### 18 तक आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जाएगा वजन त्यौहार

**बलरामपुर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में पोषण व स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जाना है। जिसके तहत 9 से 18 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापना, पोषण स्तर की जांच एवं उनके अभिभावकों को पोषण संबंधित जानकारी दिया जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओ, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं में एनिमिया के स्तर के जांच करना साथ ही पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाया जाएगा। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा शिशुवती माताओं व अन्य हितग्राहियों को पोषण संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाएगी साथ ही बच्चों के स्वास्थ का उचित ध्यान रखने हेतु जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही वजन त्यौहार में विभागीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी एवं लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

### अज्ञात लोगों ने बुजुर्ग ग्रामीण से ठग लिए 49 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से धान की राशि निकालकर घर लौट रहे बुजुर्ग से अज्ञात युवकों ने 45 हजार रूपए ठग लिया। बुजुर्ग की शिकायत पर राजपुर पुलिस ने मामले में धारा 318 (4) एवं 3(5) का अपराध दर्ज कर आरोपियों को तलाश रही है। ग्राम डांडखडुअ निवासी निबल लकड़ा पिता लल्लू राम (60वर्ष) अपने बेटे के साथ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की राजपुर शाखा पहुंचा था। उसने अपने खाते में जमा धान की राशि निकाली। उसका बेटा पिता को बैंक परिसर में बैठे रहने की बात कह किसी काम से चला गया। लम्बा इंतजार करने के बावजूद जब बेटा नहीं पहुंचा तो वह खुद ही पैदल घर जाने लगा। इस दौरान दो अज्ञात व्यक्ति बुजुर्ग के पास पहुंचे एवं स्वयं को बेटे का परिचित बताकर उसे महुआपारा ले गए। आरोपियों ने बुजुर्ग को बातों में उलझाकर उसके पास रखे 49 हजार रूपए पार कर दिया तथा कुछ सामान लाने की बात कर फरार हो गए। ठगी होने की जानकारी मिलने पर बुजुर्ग राजपुर थाना पहुंचा तथा ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पहली बार शहर विद्युत संभाग का बकाया पहुंचा 39 करोड़ के ऊपर

# तीन महीने की सख्ती में मिले 3 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

**विद्युत विभाग की सख्ती के बावजूद उपभोक्ता बकाया राजस्व के भुगतान में रूचि नहीं ले रहे हैं। बकाया वसूलने शहर विद्युत संभाग पिछले तीन महीनों से लगातार अभियान चला रहा है लेकिन बकाया राजस्व की वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं आ रही है। मजबूरी में विभाग बकाएदारों की बिजली काट रहा है।**

विद्युत विभाग के बकाया राजस्व लगातार बढ़ते जा रहा है जिससे विभाग की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। स्थिति देख अब विभाग सख्त हो गया है वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा बकाया वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शासन के सख्त निर्देश के बाद अधिकारियों ने बकाया राजस्व की वसूली पर अपनी पूरी ताकत लगा दी है। कोरोना काल के पूर्व शहर विद्युत संभाग में बकाएदारों की संख्या काफी कम थी।

- अप्रैल से शासकीय विभागों को करना होगा अग्रिम भुगतान

कोरोना काल में मिली छूट के बाद बकाया राजस्व में बेतहाशा वृद्धि हुई। विभाग द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर इसे नियंत्रित करने की कोशिशे की गई। इस बीच चुनावों के दौरान एक बार फिर बकाया राजस्व चरम पर पहुंच गया। हालत यह है कि अक्टूबर 2024 में पहली बार विद्युत शहर संभाग का बकाया राजस्व बढ़कर 39 करोड़ रूपए पहुंच गया था। भारी दबाव के बीच विभाग योजनाबद्ध तरीके से नवम्बर महीने से लगातार वसूली अभियान चला रहा है। प्रारम्भ में अधिकारियों ने बकाएदारों से मिलकर बकाया राशि का भुगतान करने का आग्रह किया। इस दौरान बकाएदारों ने आश्वासन तो दिया लेकिन राशि का भुगतान करने की पहल नहीं की। विभाग जब बकाएदारों की बिजली काटने लगा तो वसूली में कुछ तेजी आई तथा तीन महीने की कड़ी मशक्कत के बाद विभाग 3.35 करोड़ रूपए के बकाया राजस्व वसूलने में सफल हो सका। बकाया राजस्व के भुगतान में उपभोक्ताओं की लापरवाही को देखते हुए विभाग ने 60 फीसदी बकाया राशि का भुगतान करने के बाद ही विद्युत प्रदान करने का निर्णय लिया है। शेष बकाया राशि को किश्तों में भुगतान करने की सुविधा दी जा रही है।



### लगातार चल रहा अभियान

विभाग द्वारा मार्च तक शत-प्रतिशत बकाया राजस्व वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विभाग द्वारा शहर के तीनों जोन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सप्ताह में तीन-तीन जोन की टीम जबकि तीन दिन जिला एवं जोन की संयुक्त टीम बकाएदारों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है।

-जेपी राजवाड़े
ईई, शहर विद्युत संभाग

### 19949 बकाएदार

अधिकारियों के अनुसार शहर संभाग में 30255 विद्युत उपभोक्ता हैं जिनमें 19949 उपभोक्ता बकाएदार हैं जिनमें 22503 बकाएदार 50 हजार के नीचे के है। इनमें से अधिकांश बकाएदार अब नियमित भुगतान कर रहे हैं। एक लाख एवं 50 हजार से अधिक के बकाएदार बकाया भुगतान में रूचि नहीं ले रहे है। विभाग ऐसे बकाएदारों की बिजली काटकर बकाया राजस्व वसूलने की कोशिशें कर रहा है। सख्ती के बाद छोटे बकाएदार अब नियमित भुगतान कर रहे हैं। जिससे विभाग के मासिक डिमांड राशि में वृद्धि हुई है तथा विभाग को मासिक डिमांड 8.31 करोड़ के विरूद्ध लगभग 10 लाख का भुगतान मिल रहा है। जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगा है बकाया राशि बढ़ने पर रायपुर से बिजली काटने की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में पूरी राशि का भुगतान करने के बाद ही घरों में बिजली चालू हो रही है।

### शासकीय विभागों ने रोके 12.61 करोड़

विद्युत बिल की राशि रोकने में शासकीय विभाग भी पीछे नहीं है। अशासकीय उपभोक्ताओं पर विभाग का बकाया 23.63 करोड़ है जबकि शासकीय विभागों ने विद्युत संभाग का 12.61 करोड़ रूपए राजस्व रोक रखा है। विभाग इस समस्या से बचने आगामी वित्त वर्ष से शासकीय विभागों में प्रीपेड की सुविधा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। मार्च में बकाया राजस्व का भुगतान करने के बाद अप्रैल महीने से शासकीय विभागों में मोबाइल की तर्ज पर अग्रिम भुगतान कर स्मार्ट मीटर को रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा शुरू होने के बाद कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे विद्युत विभाग को भी काफी राहत मिलेगी मीटर रीडिंग लेने की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। भविष्य में अन्य उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड योजना से जोड़ने की तैयारी है।

# सरिया लोड ट्रैक्टर तालाब में पलटा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



सोमवार को सरिया लोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना जिला मुख्यालय बलरामपुर की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अधौरा निवासी सागर कोड़ाकू (30वर्ष) ट्रैक्टर से सरिया लोडकर कॉलेज के निर्माणाधीन भवन की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर जैसे ही ऑफिसर्स क्लब के समीप सड़क किनारे स्थित तालाब के पास पहुंचा अचानक अनियंत्रित हो गया। संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर सड़क से फिसलकर सीधे तालाब में गिरकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक सागर कोड़ाकू वाहन के नीचे दब गया। ट्रैक्टर पलटने के कारण पानी में फंस गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पंचनामा उपरांत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है।

## दसवीं बटालियन सिलफिली के समीप हुए सड़क हादसे में आरक्षक की मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर–बिश्रामपुर मुख्य मार्ग पर दसवीं वाहिनी बटालियन के समीप सोमवार की रात हुए सड़क हादसे में बिश्रामपुर थाने में पदस्थ वरिष्ठ पुलिस आरक्षक अभय पांडेय की दर्दनाक मौत हो गई,हादसा रात करीब 8:30 बजे हुआ,प्राप्त जानकारी अनुसार सरगुजा संभाग के पुलिसकर्मियों का वर्तमान में अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्रों में फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स चल रहा है,सूरजपुर जिले के ग्राम पचिरा निवासी अभय पांडेय भी दसवीं वाहिनी बटालियन में फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स कर रहे थे।



सोमवार की रात वेअपनी बाइक से दैनिक उपयोग का सामान खरीदने ग्राम सिलफिली बाजार जा रहे थे,इसी दौरान एनएच-43 पर बटालियन के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई,घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस तथा दसवीं बटालियन के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को उठवाकर देर रात मर्चुरी में रखवाया गया,मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद उनकागमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया,जयनगर पुलिस ने मामले में दसवीं बटालियन के पुलिस कर्मी राजेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी पता तलाश में जुट गई है। बताया गया कि अभय पांडेय 2006 बैच के आरक्षक थे, वे अपने पीछे माता-पिता,पत्नी,एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं,उनके अंतिम संस्कार में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं परिजन मौजूद रहे और उन्हें अंतिम विदाई दी,गौरतलब है कि अभय पांडेय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज पांडेय तथा होटल व्यवसायी प्रवीण पांडेय (भोलू) के भाई थे।

64 हजार रुपए से अधिक का लगाया गया जुर्माना

# यात्री बसों व ट्रकों में लगे प्रेशर हॉर्न के खिलाफ अभियान, 32 पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा पुलिस ने यात्री बसों व भारी वाहनों में उपयोग किए जा रहे प्रेशर हॉर्न के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान 32 बस व ट्रकों से 64 हजार 600 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

बता दें कि यात्री बसों के साथ ही ट्रकों में चालकों द्वारा प्रेशर हॉर्न का उपयोग किया जाता है। ये प्रेशर हॉर्न दूसरों के लिए परेशानी का सबब बनते है और तेज आवाज के कारण कई लोगों के सुनने की क्षमता प्रभावित हो रही है। ऐसे में एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने प्रेशर हॉर्न के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। एसएसपी के




निर्देश पर यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर प्रतीक्षा बस स्टैंड, रिंग रोड व अन्य वाहनों में यात्री बसों व भारी वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान अधिकतर वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे हुए मिले। ऐसे में यातायात पुलिस ने मौके पर ही प्रेशर हॉर्न को निकालकर जब्त किया। इस दौरान टीम ने 32 बस ट्रकों में लगे प्रेशर हॉर्न को जब्त कर 64 हजार 600 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही चालकों को समझाइश दी गई कि वे भविष्य में प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करें। बसों से उक्त प्रेशर हॉर्न निकलवाने के पश्चात पुनः नया प्रेशर हॉर्न लगा हुआ पाये जाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। इस कार्रवाई में यातायात प्रभारी विजय कैवर्त, सउनि चंद्रप्रकाश केरकेट्टा, आरक्षक विनोद राजवाड़े, आलोक गुप्ता, दिनय सिंह, तुलेश, रामप्रताप राजवाड़े, रामशंकर नगर सैनिक विजय साहू सक्रिय रहे।

### नशे के कारोबारी ऑटो चालाक समेत दो को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

**अंबिकापुर।** एनडीपीएस एक्ट के तहत चल रहे प्रकरण में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। युवाओं को नशे की गिरफ्त में जकड़ने वाले दो तस्करों को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव ने 10-10 साल के सश्रम कारावास और 1-1 लाख रुपए के जुर्नमा की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार 11 अक्टूबर 2024 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंगापुर नाला के समीप रहने वाला ऑटो चालक 21 वर्षीय प्रिंस उर्फ शाश्वत तिवारी आ. उपदेश तिवारी अपने दोस्त लखनपुर जमगला के तालापारा निवासी 21 वर्षीय रोहित कुमार आ. राजदेव सिंह पोर्ते नशीले इंजेक्शन का कारोबार किया जाता है और दोनों युवक मोलवी बांध मेड के समीप बैठकर नशीला इंजेक्शन की बिक्री के लिए ग्राहक का इन्तजार किया जा रहा था। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर मौके से ई रिक्शा ऑटो क्रमांक सीजी 15 ईवी 2574 की तलाशी के दौरान 116 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। वहीं 3 फरवरी को इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पाण्डेय ने पैरवी की। प्रकरण की सुनवाई में कोर्ट ने आरोपी ऑटो चालक प्रिंस उर्फ शाश्वत तिवारी और रोहित कुमार को नशे के अवैध कारोबार के लिए दोषी माना। इस प्रकरण में कोर्ट ने आरोपी प्रिंस उर्फ शाश्वत तिवारी और रोहित कुमार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं दोषियों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।






